**प्रेस नोट** **जनपद रामपुर** **दिनांक 21-07-2021**

**twitter-@rampurpolice FB-रामपुर पुलिस Telegram-@rampurpolice**

## श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर महोदय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नगर क्षेत्र का किया गया भ्रमण

आज दिनांक 21–07–2021 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री शगुन गौतम द्वारा ईद–उल–अजहा (बकरीद) के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए, नगर क्षेत्र में शाहबाद गेट, हाथीखाना चौराहा, कोतवाली, चाकू बाजार, जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार, जिला कारागार, गंज आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु भ्रमण किया गया तथा आमजन से कोविड–19 की गाईड लाइन का पालन करने की अपील की गयी। बकरीद पर्व को सकुशल संपन्न कराने में लगे पुलिस बल को चैक किया गया तथा उनको डयूटी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।




**थाना कोतवाली :–600 ग्राम चरस के साथ 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार**–दिनांक 21–07–2021 को थाना कोतवाली, रामपुर पुलिस द्वारा तोफखाना गेट से स्वार रोड की तरफ जाने वाले रास्ते से 300–300 ग्राम चरस नाजायज के साथ सैफअली पुत्र सौलत अली निवासी मौहल्ला घेर मर्दान खॉ थाना कोतवाली, रामपुर तथा तवरेज पुत्र मुनव्वर अली निवासी बंगला आजाद खॉ थाना कोतवाली, रामपुर को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना कोतवाली, रामपुर पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयीं।




थाना कोतवाली :–600 ग्राम चरस के साथ 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–

**थाना गंज :–13 किलो डोडा चूर्ण के साथ 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार**–दिनांक 21–07–2021 को थाना गंज, रामपुर पुलिस द्वारा स्वार बस अड्डे से शानू पुत्र मुईन निवासी घेर पीपल वाला थाना गंज, रामपुर को 07 किलो डोडा चूर्ण तथा उस्मान पुत्र शकील खॉ निवासी घेर पीपल वाला थाना गंज, रामपुर को 06 किलो डोडा चूर्ण के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना गंज, रामपुर पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गयीं।




थाना गंज :–13 किलो डोडा चूर्ण के साथ 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार

**थाना शहजादनगरः–05 किलो 300 ग्राम डोडा चूर्ण बरामद एक अभियुक्त गिरफ्तार**–दिनांक 21–07–2021 को थाना शहजादनगर, रामपुर पुलिस द्वारा शाहिद पुत्र कल्लू निवासी ग्राम बराखास थाना शहजादनगर, रामपुर को बराखास से आंगापुर सईदाबाद को जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 05 किलो 300 ग्राम डोडा चूर्ण बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना शहजादनगर, रामपुर पर मु0अ0सं0–161/21 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयीं।



थाना शहजादनगरः–05 किलो 300 ग्राम डोडा चूर्ण बरामद एक अभियुक्त गिरफ्तार

**थाना बिलासपुरः—अपहृता बरामद अभियुक्त गिरफ्तार—**दिनांक 14—07—2021 को भीम बाला पुत्र गोपाल बाला नि0 बंगाली कालौनी थाना नानक मत्ता उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड़, थाना बिलासपुर क्षेत्र की रहने वाली एक लडकी को बहला फुसलाकर ले गये थे तथा लडके के परिजन द्वारा लडकी की माता को जान से मारने की धमकी दी गयी थी। इस सम्बंध में थाना बिलासपुर, रामपुर पर मु0अ0सं0—276/21 धारा 363,366,504 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 21—07—2021 को थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वॉछित चल रहे अभियुक्त भीम बाला पुत्र भोपाल बाला निवासी बंगाली कालौनी थाना नानकमत्ता जनपद ऊधमसिंहनगर उत्तराखण्ड को सोढी कालौनी को जाने वाले मोड से गिरफ्तार करते हुए अपहृता को बरामद कर लिया गया।



थाना बिलासपुरः—अपहृता बरामद अभियुक्त गिरफ्तार

**थाना केमरीः—दहेज हत्या में ससुर गिरफ्तार—**छत्रपाल आदि 03 नफर अभियुक्तगण द्वारा वादी श्री जीवन सिंह पुत्र श्री रतनलाल निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना शहजादनगर, रामपुर की पुत्री पूनम उम्र 20 वर्ष को दहेज के लिए प्रताडित करना व कम दहेज मिलने पर फांसी लगा कर हत्या कर देने के सम्बंध में दिनांक 18—07—2021 को थाना केमरी, रामपुर पर मु0अ0सं0—107/21 धारा 498ए,304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट बनाम छत्रपाल आदि 03 नफर नामजद पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 21—07—2021 को थाना केमरी, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वॉछित चल रहे अभियुक्त/ससुर छत्रपाल पुत्र बालकराम निवासी ग्राम हुरमतनगर थाना केमरी, रामपुर को तीन पानी चौराहे से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।



थाना केमरी—दहेज हत्या में ससुर गिरफ्तार

**थाना मिलक–दहेज हत्या में पति गिरफ्तार–**प्रमोद पुत्र रूकम सिंह आदि 06 नफर अभियुक्तगण द्वारा वादी श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री गेन्दन लाल निवासी ग्राम दीनपुर थाना शहजादनगर, रामपुर की पुत्री पूनम उम्र 25 वर्ष को दहेज के लिए प्रताडित करते हुए दहेज में एक मोटर साईकिल तथा 03 लाख रू0 की मांग करने व मांग पूरी न होने पर गाली गलौच व मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बंध में दिनांक 18–07–2021 को थाना केमरी, रामपुर पर मु0अ0सं0–210/21 धारा 498ए,304बी,323,504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 21–07–2021 को थाना मिलक, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वॉछित चल रहे अभियुक्त/पति प्रमोद कुमार पुत्र रूकम सिंह निवासी ग्राम परतापुर थाना मिलक, रामपुर को क्योरार मोड से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।



थाना मिलक–दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

**एंटी रोमियों टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गयी जानकारी**–श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री शगुन गौतम के निकट पर्यवेक्षण में, एंटी रोमियों टीम के नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर डा0 संसार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 21–07–2021 को प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड, रामपुर सुश्री कंचन टोलिया द्वारा शाहबाद गेट आदि स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, कोविड–19 गाइडलाईन का पालन, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर–1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर–1098, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर–1076 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त थानों पर गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा भी थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया।

